कोलकाता शनिवार 3 सितंबर, 2022, रु. 6.00 (10 पेज) कोलकाता, दिल्ली, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित (डाक रविवार, 4 सितंबर, 2022 पेज 10 रु. 6.00)

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

प्रधानमंत्री ने कहा

सीने से उतर गया गुलामी का बोझ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कोच्चि में भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत 'आइएनएस विक्रांत' का जलावतरण किया। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है, जिनके पास ऐसे बड़े युद्धपोतों के निर्माण की घरेलू क्षमताएं हैं। मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरित नौसेना के नए निशान (ध्वज) का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि आज देश ने भारत ने गुलामी के एक निशान, 'गुलामी के एक बोझ' को सीने से उतार दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ' विक्रांत विराट है, विहंगम है, विशाल है। विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है। विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है। यह 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में स्वदेश निर्मित जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल किया। इस जहाज का नाम नौसेना के एक पूर्व जहाज 'विक्रांत' के नाम पर रखा गया है, जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने विमानवाहक पोत की कुछ विशेषताओं के बारे में भी बात की। उन्होंने इसे 'फ्लोटिंग एअरफील्ड, एक तैरता हुआ शहर' के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि आइएनएस विक्रांत में जितनी बिजली पैदा होती है उससे पांच हजार घरों को रोशन किया जा सकता है।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह आइएनएस विक्रांत को मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, 'आज दो सितंबर, 2022 की ऐतिहासिक तारीख को, इतिहास बदलने वाला एक और काम हुआ है। आज भारत ने, गुलामी के एक निशान, गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया है। आज से भारतीय नौसेना को एक नया ध्वज मिला है।' उन्होंने कहा, 'भारतीय नौसेना के झंडे पर अब तक गुलामी की पहचान बनी हुई थी। लेकिन आज से छत्रपति शिवाजी से प्रेरित होकर नौसेना का नया ध्वज समुद्र और आसमान में लहराएगा।' नौसेना ने पहले कहा बाकी पेज 8 पर

विशाल, विराट, विहंगम

विक्रांत

कोच्चि में शुक्रवार को विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

-संबंधित खबर पेज 8

थरूर ने निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर उनसे अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पद के आगामी चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची प्रकाशित करने की मांग की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ऐसी खबर है कि असम के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने भी मिस्त्री को पत्र लिखकर निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग की है।

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव

उन्होंने ऐसे समय में पत्र लिखे हैं जब निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग दिन-प्रतिदिन जोर पकड़ बाकी पेज 8 पर

बेबाक बोल

भाग दरबारी

आज जब कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव का एलान हो गया है तो देखना होगा कि चिट्ठी-क्रांति करने वाला समूह चुनाव में भाग लेता है या चुनावी प्रक्रिया खट्टी है कह कर मुंह फेर लेता है। पेज 7

छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को चलती ट्रेन से फेंका, मौत

चंडीगढ़, 2 सितंबर (एजंसी)।

हरियाणा के फतेहाबाद में टोहाना स्टेशन के पास छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक व्यक्ति ने 32 वर्षीय महिला को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। इस कारण कथित तौर पर महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना महिला के नौ साल के बेटे की मौजूदगी में हुई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने कहा कि महिला टोहाना जाने के लिए रोहतक के लखन माजरा के पास से यात्री ट्रेन में सवार हुई थी। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है। जीआरपी थाना, हिसार के एसएचओ नरेश कुमार ने

दिल्ली से टोहाना जा रही ट्रेन में हुई वारदात *महिला* के नौ वर्षीय पुत्र की मौजूदगी में हुई घटना।

कहा कि महिला अपने बेटे के साथ यात्रा कर रही थी। उन्होंने कहा, 'यात्री ट्रेन दिल्ली से टोहाना जा रही थी और महिला और उसका बेटा लखन माजरा से उसमें सवार हुए थे।' कुमार ने कहा कि अधिकांश यात्री पिछले स्टेशन पर ट्रेन से उतर चुके थे और घटना के दौरान ज्यादातर डिब्बे खाली थे।

उन्होंने कहा कि टोहाना स्टेशन पर महिला का पति उनका इंतजार कर रहा था। अधिकारी बाकी पेज 8 पर

तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने पासपोर्ट जमा कराने का निर्देश दिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत दे दी। तीस्ता 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में मामले दर्ज करने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में 26 जून से गुजरात पुलिस की हिरासत में हैं।

प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ बाकी पेज 8 पर

अहमदाबाद में मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशी के दौरान तीस्ता सीतलवाड़।

न्यायाधीशों ने कहा, तीस्ता एक महिला हैं। वे दो महीनों से हिरासत में हैं और जांच तंत्र को सात दिनों की अवधि के लिए हिरासत में पूछताछ का लाभ भी मिला है।

उनके खिलाफ कथित अपराध 2002 से संबंधित हैं और अधिक से अधिक 2012 तक संबंधित दस्तावेज पेश करने की मांग की गई थी।

तीस्ता 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में मामले दर्ज करने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में 26 जून से गुजरात पुलिस की हिरासत में थीं।

ट्विटर ने जानबूझकर देश के कानून की अवज्ञा की : केंद्र

बंगलुरु, 2 सितंबर (एजंसी)।

केंद्र सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से कहा है कि ट्विटर ने जानबूझकर भारत के कानूनों का पालन नहीं किया और उसकी अवज्ञा की तथा देश की सुरक्षा में इस सोशल मीडिया मंच की कोई भूमिका नहीं है। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाई) ने गुरुवार को ट्वीट हटाने और अकाउंट ब्लाक करने से जुड़े सरकारी आदेशों के खिलाफ ट्विटर की ओर से दायर याचिका का विरोध करते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्तियों के संबंध में पेश 101 पन्नों के बयान में यह दलील दी।

-पूरी खबर पेज 8

सागर व भोपाल में चार चौकीदारों की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, 2 सितंबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश पुलिस ने राज्य के सागर एवं भोपाल शहरों में पिछले पांच दिन में चार चौकीदारों की हत्या करने के मामले में शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान शिव प्रसाद धुर्वे (18) के रूप में उसके आधार कार्ड से हुई है। उन्होंने बताया कि उसने सागर शहर में तीन चौकीदारों और भोपाल में एक चौकीदार की हत्या की है।

उन्होंने बताया कि घटना के वक्त ये चारों चौकीदार ड्यूटी पर थे और सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि उसने शुक्रवार को गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले भोपाल में चौकीदार की हत्या कर दी थी। सागर के पुलिस अधीक्षक तरुण नायक ने कहा कि 18 साल और आठ महीने के धुर्वे ने चार हत्याओं को कबूल करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया से प्रभावित था और प्रसिद्ध होने के लिए उसने इन घटनाओं को अंजाम दिया। धुर्वे की मानसिक स्थिति के बारे में पूछे जाने पर नायक ने कहा कि वह सामान्य प्रतीत होता है। नायक ने कहा कि यह 'साइको किलर' मामला नहीं है। इससे पहले राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि चार चौकीदारों की हत्या के आरोपी धुर्वे को सागर पुलिस ने भोपाल में शुक्रवार तड़के मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया।

नया निशान

औपनिवेशिक पहचान वाली लाल धारियां हटाई गईं

भारतीय नौसेना को मिला नया ध्वज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

भारतीय नौसेना को शुक्रवार को नया ध्वज मिला। नए ध्वज में क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर लाल धारियों को हटा दिया गया है जिसे 'क्रास आफ सेंट जार्ज' कहा जाता है। यह औपनिवेशिक युग की याद दिलाता था। नए ध्वज में अशोक स्तंभ को दिखाया गया है। नौसेना के मूल मंत्र को भी शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कोच्चि में नया ध्वज और चिह्न, राष्ट्र को समर्पित किया।

ब्रिटिश शासन से लेकर गणराज्य के प्रतीक तक यह झंडा सदियों में विकसित हुआ है। यह

नए ध्वज में प्रतीक शिवाजी महाराज की मुहर पर आधारित।

ध्वज अनिवार्य रूप से एक विशेष डिजाइन वाला झंडा होता है, जो जहाजों या नौसैन्य बल की पहचान और राष्ट्रीयता को दर्शाता है, खासकर गहरे समुद्र में। ध्वज के 'फ्लाई' क्षेत्र में जुड़वां सुनहरी सीमाओं के साथ एक अष्टकोणीय आकार शामिल किया गया है, जो शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरित है। नौसेना द्वारा जारी एक वीडियो के अनुसार, नीले अष्टकोणीय आकार में एक लंगर के ऊपर राष्ट्रीय प्रतीक को शामिल किया गया है जो दृढ़ता को दर्शाता है। यह नौसेना के आदर्श वाक्य 'शं नो वरुणः' के साथ एक ढाल पर लगाया गया है, जिसका अर्थ है: 'हमारे लिए शुभ हो ओह वरुण'। अष्टकोणीय आकार आठ दिशाओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारतीय नौसेना की बहु-दिशात्मक पहुंच और बहु-दिशात्मक बाकी पेज 8 पर

नाचने से मना करने पर युवक की छत से फेंक कर हत्या

जांजगीर, 2 सितंबर (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में बिन बुलाए मेहमानों ने जन्मदिन की पार्टी के दौरान युवक की छत से नीचे फेंककर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के चांपा थाना क्षेत्र के श्री कृष्ण तुलसी धर्मशाला में बुधवार-गुरुवार की रात में कमलेश्वर देवांगन की हत्या के आरोप में पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि धर्मशाला में कमलेश्वर देवांगन अपने दोस्त बिन्नी देवांगन के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गया था। समारोह में कुछ महिलाएं भी थीं। जब सभी वहां नृत्य कर रहे थे तब दो आरोपी किरण सारथी और मनीष सारथी कार्यक्रम स्थल में जबरन घुस गए और साथ में नाचने लगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब कमलेश्वर और कुछ अन्य लोगों ने दो आरोपियों को वहां से जाने के लिए कहा तब दोनों उनसे झगड़ने लगे। बाद में आरोपियों ने अपने छह अन्य साथियों को कार्यक्रम स्थल पर बुला लिया और सभी कमलेश्वर और उसके दोस्तों की पिटाई करने लगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब कमलेश्वर उनसे बचने के लिए छत की ओर भागा तब आरोपियों ने उसका पीछा किया और बाद में उन्होंने कमलेश्वर को दो मंजिला इमारत की छत से नीचे फेंक दिया। इस घटना में कमलेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद कमलेश्वर के मित्र उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से उसे बिलासपुर के अपोलो अस्पताल भेजा गया।अस्पताल में इलाज के दौरान कमलेश्वर की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कमलेश्वर के मित्रों की शिकायत पर पुलिस ने मनीष, किरण और छह अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

अस्पताल के शौचालय में महिला का लटकता हुआ शव मिला

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

दक्षिण कोलकाता के एक अस्पताल के शौचालय से एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। शव फंदे से लटक रहा था। बताया जाता है कि लंबे समय से उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। हरिदेवपुर थाना पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम नीलिमा साहा है, वह मुर्शिदाबाद जिले की रहने वाली है। पिछले महीने 17 अगस्त को दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती किया गया था। गुरुवार की रात भी उनकी केमो थेरोपी की गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह शौचालय से उनका शव फंदे से लटकता हुआ देखा गया। पुलिस के मुताबिक, अस्पताल के नियमानुसार कोई भी कैंसर पीड़ित मरीज अगर शौचालय में जाता है तो भीतर से दरवाजा बंद नहीं कर सकता।

आज सुबह एक महिला ने शौचालय के दरवाजे पर दस्तक दी लेकिन भीतर से कोई आवाज नहीं आई। जब वह दरवाजा खोल कर भीतर घुसी तो देखा कि महिलाका शव छत से लटक रहा है। पुलिस ने शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला ही माना जा रहा है। हालांकि महिला की आर्थिक स्थिति अच्छी ही थी। परिवार के साथ भी नियमित तौर पर संपर्क रहता था। पुलिस के मुताबिक, कैंसरपीड़ित महिला को लग रहा था कि शायद वह ज्यादा दिनों तक जिंदा नहीं रहेगी। ऐसी हालत में इलाज के कारण मानसिक अवसाद में आत्महत्या का रास्ता चुना। महिला के परिवार को इस बारे में सूचित किया गया है। पुलिस अस्पताल प्रबंधन से भी इस बारे में बातचीत कर रही है।

बिहार में महिला ने अपनी तीन बेटियों की हत्या की, गिरफ्तार

बक्सर, 2 सितंबर (भाषा)।

बिहार के बक्सर जिले में अपनी तीन बच्चियों की गला दबाकर हत्या करने के आरोप में शुक्रवार को एक महिला को गिरफ्तार किया गया। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपी पिंकी देवी ने अपनी बच्चियों-पूनम (8), रोनी (7) और बबली (4) की हत्या क्यों की। पिंकी ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के बरकी गाई घाट गांव की रहने वाली है। पिंकी के पड़ोसियों ने शुक्रवार सुबह बच्चियों के शव देखे और फिर पुलिस को इस बारे में जानकारी दी। सहायक पुलिस अधीक्षक (डुमरांव) राज ने संवाददाताओं से कहा कि पिंकी देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खबर कोना

ओड़ीशा में कोरोना के 226 नए मामले, एक की मौत

भुवनेश्वर, 2 सितंबर (भाषा)।

ओड़ीशा में शुक्रवार को कोरोना विषाणु संक्रमण के 226 नए मामले सामने आने के बाद कोविड महामारी के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 13,28,070 तक पहुंच गई। एक स्वास्थ्य बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के मुताबिक, इसी अवधि में भुवनेश्वर में कोविड-19 के 81 वर्षीय मरीज की मौत हो गई। ओड़ीशा में इस घातक विषाणु के कारण अब तक 9,178 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में फिलहाल 1,797 मरीज उपचाराधीन हैं जबकि पिछले 24 घंटे के दौरान 228 लोगों को संक्रमणमुक्त होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी गई। बुलेटिन के मुताबिक, ओड़ीशा में अब तक 13,17,042 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं।

झारखंड : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए

सरायकेला, 2 सितंबर (भाषा)।

झारखंड के सरायकेला-खरसावां में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा, झारखंड जगुआर और राज्य पुलिस के एक संयुक्त अभियान के दौरान ये माओवादी मारे गए।कोल्हान संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय लिंडा ने एजंसी से कहा कि कुचाई थाना क्षेत्र के बरुदा जंगल में एक अभियान के दौरान भाकपा (माओवादी) के दो सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दोनों की पहचान 32 वर्षीय काली मुनाद और रीला माला मांझी (22) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल ने शवों को बरामद कर लिया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद भी मिला है।

हिमंत बिस्व सरमा ने पूर्वी कमान के वायु सेना प्रमुख से राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा की

गुवाहाटी, 2 सितंबर (भाषा)।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को वायु सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख एअर मार्शल डीके पटनायक के साथ पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एअर मार्शल पटनायक ने यहां शर्मा के कार्यालय पर उनसे मुलाकात की। सरमा ने ट्वीट किया कि पूर्वी वायु सेना कमान के प्रमुख एअर मार्शल डीके पटनायक से मुलाकात की। विशेष रूप से पूर्व और पूर्वोत्तर में राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की। निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने के लिए असम के लोगों की ओर से वायु सेना के प्रति आभार प्रकट किया।

'आयल इंडिया परियोजना के लिए मुआवजा दिए बिना अरुणाचल में आदिवासियों को जबरन नहीं हटाया जाएगा'

गुवाहाटी, 2 सितंबर (भाषा)।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को सूचित किया है कि आयल इंडिया लिमिटेड परियोजना के लिए अरुणाचल प्रदेश के दो गांवों में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिए बिना आदिवासियों को जबरन नहीं हटाया जाएगा। केंद्रीय मंत्रालय के आश्वासन के बाद, मानवाधिकार आयोग ने चकमा डेवलपमेंट फाउंडेशन आफ इंडिया (सीडीएफआइ) द्वारा दायर शिकायत को बंद कर दिया है। सीडीएफआइ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एनएचआरसी को यह भी सूचित किया है कि कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आयोग ने 31 अगस्त को एक आदेश में शिकायत को बंद कर दिया। इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए, सीडीएफआइ के संस्थापक सुहास चकमा ने कहा कि आयोग का यह सुरक्षात्मक आदेश परियोजना से प्रभावित चकमा और देवरी लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

तेल और गैस की खोज और उत्पादन के लिए अरुणाचल प्रदेश के मुडोक्का नाला और सोमपोई-द्वितीय गांवों से चकमा और देवरी लोगों को कथित तौर पर जबरन हटाए जाने के खिलाफ एक शिकायत 20 जनवरी को दायर की गई थी।

असम में मदरसों को ध्वस्त करना अवैध : विपक्ष

गुवाहाटी, 2 सितंबर (भाषा)।

असम में कथित 'जिहादी गतिविधियों' से जुड़े मदरसों को ध्वस्त करने के राज्य सरकार के अभियान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'पूरी तरह अवैध' करार दिया और कहा कि 'एक विशेष समुदाय' को लक्षित किया गया है। भाजपा सरकार ने पिछले एक महीने के भीतर राज्य के विभिन्न हिस्सों में तीन मदरसों को उनके शिक्षकों को गिरफ्तार करने के बाद ध्वस्त कर दिया गया। शिक्षकों को कथित तौर पर 'जिहादी' गतिविधियों में शामिल होने पर गिरफ्तार किया गया था।

हालांकि, प्रत्येक अवसर पर ढांचा गिराने का आधिकारिक कारण जिहादी गतिविधियों के साथ किसी भी तरह का संबंध होने के बजाय दोषपूर्ण निर्माण या भूमि मानदंडों के उल्लंघन से संबंधित था। सत्ता पक्ष के केवल राजनीतिक नेता ही मीडिया में आम तौर पर बयान देते हैं कि मदरसों को उनके परिसरों से कथित तौर पर जिहादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ध्वस्त किया गया है।

प्रशासन ने चार अगस्त को मोरीगांव जिले के मोइराबारी में, 29 अगस्त को बारपेटा के ढकलियापारा में और 31 अगस्त को बोंगईगांव के जोगीघोपा में मदरसों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। आल असम तंजीम मदारिस कौमिया के सचिव अब्दुल कादिर ने बातचीत में कहा कि मोइराबारी मदरसे को एक नोटिस भेजे जाने के बाद ध्वस्त कर दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि इमारत छोटी थी और बिजली का कनेक्शन अवैध था।

बचाव पटना में शुक्रवार को लगातार मानसूनी बारिश के बाद नाव से गंगा के पार सब्जियां ढोकर ले जाते किसान।

आइआइटी गुवाहाटी में आधुनिक कैंसर अनुसंधान केंद्र स्थापित किया जाएगा

गुवाहाटी, 2 सितंबर (भाषा)।

कैंसर सहित अन्य गैर-संक्रामक बीमारियों के क्षेत्र में अनुसंधान और उनकी जांच के लिए किफायती किट विकसित करने के लक्ष्य से सरकार गुवाहाटी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) में अनुसंधान केंद्र की स्थापना करेगी। शुक्रवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आइआइटी ने इस संबंध में कारकिनोस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। आइआइटी-गुवाहाटी के 29वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार, संस्थान के परिसर में 'सेंटर फार एडवांस रिसर्च आन डायग्नोस्टिक इन कैंसर' (सी-कार्ड) स्थापित किया जाएगा। इसमें उपकरणों का इंतजाम करने और इसके संचालन की जिम्मेदारी केएचपीएल की होगी। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर आइआइटी-गुवाहाटी के निदेशक प्रोफसर टीजी सीताराम और कारकिनोस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ आर वेंकटरमण ने हस्ताक्षर किए।

असम उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध : सरमा

गुवाहाटी, 2 सितंबर (भाषा)।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसरमा ने दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल को ट्विटर पर निशाना बनाना जारी रखते हुए शुक्रवार को दावा किया कि उनका राज्य, दिल्ली की तुलना में कुछ पहलुओं में छोटा होने के बावजूद 'उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध' है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अस्पताल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में लगी हुई है। भाजपा के नेता सरमा ने केजरीवाल को टैग करते हुए ट्वीट किया कि उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता सर्वोच्च है। हम काम करके दिखाते हैं और डींग नहीं हांकते। दिल्ली की तुलना में कुछ पहलुओं में छोटा राज्य होने के बावजूद, असम में 21 अत्याधुनिक मेडिकल कालेज/अस्पतालों का निर्माण किया रहा है। छह का काम पूरा हो गया, तीन का काम इस वर्ष पूरा किया जाना है। जबकि शेष का काम पूरा होने के विभिन्न चरणों में है। केजरीवाल और शर्मा के बीच पिछले कुछ दिन से ट्विटर पर जुबानी जंग जारी है।

यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब केजरीवाल ने ट्वीट किया था कि स्कूल बंद करना कोई समाधान नहीं है। उन्होंने खराब परिणामों के कारण असम में कुछ स्कूलों को बंद किए जाने का दावा करने संबंधी एक खबर भी साझा की थी।

असम के मुख्यमंत्री ने आइएनएस विक्रांत के नौसेना में शामिल होने की सराहना की

गुवाहाटी, 2 सितंबर (भाषा)।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वसरमा ने शुक्रवार को कहा कि स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आइएनएस 'विक्रांत' को नौसेना के बेड़े में शामिल करना प्राचीन भारत के शासकों की समृद्ध नौसैनिक शक्ति को एक उचित सम्मान है। सरमा ने ट्वीट कर कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आइएनएस विक्रांत को नौसेना में शामिल करना अहोम, मराठा और चोल शासकों की समृद्ध नौसैनिक विरासत को उचित सम्मान है।

भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत का शुक्रवार को जलावतरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में एक समारोह के दौरान स्वदेश में निर्मित पोत को नौसेना के बेड़े में शामिल किया।

-: Tender Notice :-

West Bengal Police Housing & Infrastructure Development Corpn Ltd having its office at 3rd floor, Araksha Bhawan, Block- DJ, Sector-II, Salt Lake, Kolkata-91 is inviting open tender from experienced agency for works of WBPHIDCL/EE-(HQ-I)/NIT-128(e)/2022-2023 (6th call), Emergent and Routine maintenance Works of Civil (All Buildings, S&P) for different buildings of Sadar Sub-Division (Anandapur P.S, Garbeta P.S, Keshpur P.S, Goaltore P.S, Salboni P.S, Kotwali P.S, All Woman P.S in Midnapore, Gurguripal P.S and All Out-post in Sadar Sub-Division) in the district of Paschim Medinipur from 01.10.2022 to 31.03.2023. **Estimated Amount put to Tender Rs. 23,35,928/-, Tender Id: 2022_WBSPH_401040_1, Last date & time of submission of bids online is 19.09.2022 at 16.00 PM. For further details please visit www.wbtenders.gov.in**

Hooghly Zilla R.M.C. invites e-Tender vide N.I.T. No. 19/HZRMC/2022-2023 Dated 02.09.2022. Last date of submission of Bid- 20.09.2022 up to 1 P.M. The details of the e-Tenders are available on the website **https://www.wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Secretary,
Hooghly Zilla R.M.C.**

Malegaon Municipal Corporation, Malegaon
Dist. Nashik, Maharashtra State
Re E-Tender Notice No. Ws/Jal-Mal/02/2022-23

The Commissioner Malegaon Municipal Corporation invites Online Tender in B-1 Format for the work of SEWERAGE SCHEME FOR MALEGAON CITY UNDER AMRUT ABHIYAN, Tal. MALEGAON, Dist. Nashik, In the State of Maharashtra, Cost of Tender Rs. 5,47,59,932/- & for all relevant information that is scope of work, time table will be made available on web site https://www.mahatenders.gov.in/ form 03/09/2022 for detailed information.

Date : 03/09/2022 to 19/09/2022

Commissioner
Malegaon Municipal Corporation, Malegaon

"आईये उन सभी लोगों को याद करे जिन्होंने हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुती दि."

पंजाब नैशनल बैंक | punjab national bank

पंजाब नैशनल बैंक
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
प्रधान कार्यालय: मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग
पहली मंजिल, सी-13, सेक्टर - 1, नोएडा - 201301 (उ.प्र.)

95 GSM MICR पेपर के 2,50,000 KGs की खरीद के लिए ई-निविदा

[illegible]

बैंक के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19.09.2022 अपराह्न 01:00 बजे तक है।

(मुख्य प्रबंधक)

पश्चिम मध्य रेल
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा
निविदा दिनांक/30/08/2022

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करता है। **ई निविदा सूचना क्रमांक**- जबल/एस. एंड टी/निर्माण/निविदा/126/टेली दिनांक 30.08.2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- सतना - पन्ना सेक्शन (7 स्टेशन, 76 किलोमीटर) की नई ब्रॉड गेज लाइन के प्रावधान के संबंध मं टेंचिंग, केबल लेइंग, ज्वाइंटिंग, स्पलाइसिंग और ईसी सॉकेट लगाने आदि सहित इनडोर और आउटडोर दूरसंचार उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य एवं सतना- रीवा सेक्शन का शेष कार्य पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में करना है। **निविदा का अनुमानित मूल्य**- रू. **11,60,14,162.02, कार्यालय का पता**- उप मुख्य संकेत एंव दूरसंचार अभियंता/निर्माण/जबलपुर (प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन,जबलपुर), **बयाना राशि**- रू. 7,30,100/-, **समापन अवधि**- 18 माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक)**- समय 15:00 बजे 07.10.2022, उपरोक्त निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है तथा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा उक्त वेबसाईट से केवल ऑनलाईन आवेदन ही की जा सकती है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

कोरोना को है हराना,
तो टीकाकरण जरूर कराना

TENDER NOTICE

WBCADC is inviting e-tenders for (i) Supply, Installation, Testing & Commissioning of 2 HP Paddle wheel Areators [15 (Fifteen) to 20 (Twenty) nos.] for different Projects of WBCADC, (NIT no.-24/2022-23) & (ii) Supply, Installation, Testing and Commissioning of Solar System [15 (Fifteen) to 20 (Twenty) nos.] towards Run the 2 HP Motors of Areators of different Projects of WBCADC, (NIT no.-25/2022-23). The intending tenderers will have to collect the tender documents within **19.09.2022 up to 18.30 hours** by downloading through the website stated below. For details visit the website **www.wbtenders.gov.in**

**Sd/-
Administrative Secretary
WBCADC**

UTTARPARA-KOTRUNG MUNICIPALITY

Notice Inviting e-Tender No. : UKM/007(e)/2022-23 (2nd Call) Date- 02/09/2022
1.Supply, Installation, Testing and Commissioning of Fire Fighting, Fire Sprinkler system at Mahamaya Sisu-O-Matrimangal Kendra Under Uttarpara-Kotrung Municipality. Bid Submission Closing Date – 19/09/2022 up to 05:00 pm. For Details:- wbtenders.gov.in

**Sd/-
Chairman,
U.K. Municipality**

CANNING-II PANCHAYAT SAMITI
Jibantala, South 24 Pgs.
To whom it may concern

Abridged Tender Notice (e-NIT No. 09 of 2022-2023 date 31.08.2022) for Supply & installation of 9 Mtr Minimast light 08 places under Canning-II Panchayat Samiti, Jibantala, South 24-Parganas (detail information will be available www.etender.wb.nic.in & office Notice Board or Engineering Section of this office).

**Sd/-
Executive Officer
Canning-II Panchayat Samiti**

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय: एसीई (डीआर) परि.-III, द्वारा कार्यपालक अभियंता (सी) डीआर-VIII
यमुना विहार सीवेज शोधन संयंत्र (डा. अम्बेदकर कॉलेज के समीप), दिल्ली-110094
फोन: 011-22813593, ईमेल: eecdr8@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रैस एनआईटी सं. 08(2022-23), ईई(सी)डीआर-VIII

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित अनुबंध मूल्य (ईसीबी)/ निविदा राशि (रु.)	धरोहर राशि (ईएमडी) (रु.)	निविदा प्रॉसेसिंग शुल्क (रु.)	निविदा जारी की तिथि/ निविदा आईडी	ई-प्राप्ण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	मंडोली जेल दिल्ली के निकट वजीराबाद रोड से लगे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पेट्रोल पम्प के समीप हर्ष विहार में 3.85 एमजीडी डब्ल्यू पीएस के चारो ओर बाउण्ड्री वाल का निर्माण।	5424214/-	108500/-	1000/-	2022_DJB_ 228669-1 तिथि 2.9.2022	23.9.2022 के 3.00 बजे अप. तक।

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।
पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी — हस्ता./- (आर.के.जैन)
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 318 (2022-23) — कार्यपालक अभियंता (सी) डीआर-VIII

"कोरोना रोकें; मास्क पहनें; शारीरिक दूरी का पालन करें; हाथों को स्वच्छ रखें"

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय: कार्य. अभि. (ई एंड एम) एचपी-II
हैदरपुर वाटर वर्क्स, दिल्ली-110085
टेली. नं. 011-27552446-47, ईमेल आईडी: eeemhp2.djb@nic.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संक्षिप्त प्रैस एनआईटी सं.-03(2022-23)/ईई (ईएंडएम) एचपी-II

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर राशि (रु.)	ई-प्राप्ण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्राप्ण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	हैदरपुर वाटर वर्क्स फेज-II में रोबोटिक मशीन तकनीक द्वारा जलाशय नं. 1 की सफाई।	मद दर	रु. 63550/-	निविदा आईडी: 2022_DJB_228629-1 प्रकाशन तिथि 1 सित. 2022 17.00 बजे से	15 सित. 2022 के 2.30 अप. तक

इस संदर्भ में सभी नियमों एवं शर्तों सहित एनआईटी के अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।
पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी — हस्ता./- (आर.पी. मीना)
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 316 (2022-23) — कार्यपालक अभियंता (ईएंडएम) एचपी-II

"कोरोना रोकें; मास्क पहनें; शारीरिक दूरी का पालन करें; हाथों को स्वच्छ रखें"

TENDER NOTICE

WBCADC is inviting e-tenders for Establishment of Semi-Automated Feed Mill Plant under RKVY Fund under WBCADC Debra Project (NIT no. 26/2022-23, **Estimated Value :** Rs. 18,15,653.00). The intending tenderers will have to collect the tender documents within **19.09.2022 up to 18.30 hours** by downloading through the website stated below. For details visit the website **www.wbtenders.gov.in**

**Sd/-
Administrative Secretary
WBCADC**

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

जनसत्ता क्लासीफाइड

CHANGE OF NAME

I hitherto known as CAESI (DAS) MUKHERJEE alias CAESI MUKHERJEE DAS w/o SUBRATA MUKHERJEE res. of F1/19-1, NORTHLAND ESTATE, TYPE-IV, MSF FACTORY QUARTER PREMISES, PO. NAWABGANJ, PS.- NOAPARA, ICHAPORE, WEST BENGAL - 743144 have changed my name and shall hereafter be known as CAESI MUKHERJEE. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

खबर कोना

मुसलिम डिलीवरी बाय मामले पर भड़कीं महुआ मोइत्रा

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

हैदराबाद के एक शख्स के फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी की ओर से मुस्लिम डिलीवरी बाय न भेजने के निर्देश पर तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। महुआ मोइत्रा ने कंपनी से ऐसे ग्राहकों का नाम सार्वजनिक करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को ऐसे ग्राहकों को काली सूची में डालकर पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हैदराबाद के शख्स की यह हरकत पूरी तरह से अवैध है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट किया– घृणा और कट्टरता के नार्मलाइजेशन को देखकर दुख हो रहा है। जो छिपा हुआ व्यक्तिगत पूर्वाग्रह हुआ करता था, वह अब बहुसंख्यकवाद की सार्वजनिक उद्घोषणा बन रहा है।' महुआ ने आगे लिखा– स्विगी प्लीज आप ग्राहक को काली सूची में डालिए और उसका नाम सार्वजनिक कीजिए। इतना ही नहीं, पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराइए। यह पूरी तरह से अवैध है।

मंत्री श्रीकांत महतो की सुरक्षा घटाई गई

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

क्रेता सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री व शालबनी के विधायक श्रीकांत महतो की सुरक्षा व्यवस्था कम कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें पहले वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलती थी, अब उन्हें एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। मालूम हो कि तृणमूल कांग्रेस की अंदरूनी बैठक में दल विरोधी बातें करने, दल के कई नेताओं के खिलाफ बोलने, जिसमें दल के उच्च स्तर के नेता भी शामिल हैं की वजह से हाल में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अब सुरक्षा व्यवस्था में कमी करके दूसरे विधायकों की तरह उन्हें भी एक्स श्रेणी में शामिल कर दिया गया है।

दुर्गापूजा : मिलावटी भोजन के खिलाफ निगम चलाएगा अभियान

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

दुर्गापूजा के दौरान कोलकाता नगर निगम की ओर से मिलावटी भोजन के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का फैसला किया गया है। मालूम हो कि दुर्गा पूजा की शुरुआत होने में ज्यादा देर नहीं है। पूजा पंडालों को आखिरी रूप देने का कार्य तेजी से चल रहा है। दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल परिक्रमा के साथ ही होटल, रेस्तरां से शुरू कर सड़क किनारे लगे फूड स्टालों में लोगों की भीड़ लगी रहती है। दुर्गा पूजा के दौरान फूड स्टालों में बेचा जा रहा खाना कितना सुरक्षित है, इसकी जांच के लिए कोलकाता नगर निगम के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी फूड स्टालों में तैयार किए जा रहे खानों की जांच करेंगे। इसके साथ ही खाना बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले पानी का भी नमूना एकत्रित किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से समय समय पर इस तरह के अभियान चलाए जाते हैं।

ईडी दफ्तर पहुंचे अभिषेक, सात घंटे तक की गई पूछताछ

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

कथित कोयला चोरी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुक्रवार को सात घंटे तक पूछताछ किए जाने के बाद तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी कि अगर उन्होंने कोई गलत काम किया है तो वह उन्हें सलाखों के पीछे डाल दें।

बनर्जी ने कहा कि वह धमकियों और केंद्रीय एजंसी द्वारा समन जारी किए जाने से नहीं डरेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी, तो मैं 30 बार पूछताछ का सामना करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मैं भाजपा के आगे सिर नहीं झुकाऊंगा। मैंने

संवाददाताओं को संबोधित करते अभिषेक बनर्जी।

राष्ट्रध्वज के मामले पर उनके (शाह के) बेटे पर निशाना साधा, तो इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे डराने के लिए ईडी और सीबीआइ (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) का इस्तेमाल किया जा सकता है केंद्रीय गृह मंत्री के बेटे और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह एक वीडियो क्लिप में भारत द्वारा पाकिस्तान को एक रोमांचक क्रिकेट मैच में हराने के बाद राष्ट्रीय ध्वज लहराने के प्रस्ताव को ठुकराते हुए प्रतीत हुए। दुबई में एशिया कप मुकाबले के 28 अगस्त को हुए इस मैच की क्लिप ने विवाद खड़ा कर दिया।

उन्होंने कहा कि मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह साबित करें कि मैंने कुछ गलत किया है और मुझे सलाखों के पीछे डाल दें। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव ने आरोप लगाया कि देश के गृह मंत्री का केवल एक ही काम है – 'विपक्षी दलों की निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त करना।'

'केंद्र की भाजपा सरकार ने पवित्र संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है'

कोलकाता, 2 सितंबर (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी से कोयला चोरी घोटाले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पूछताछ किए जाने के बीच उनकी पार्टी ने केंद्रीय एजंसी का कथित राजनीतिकरण करने और उन्हें कठपुतलियां बनाने को लेकर भाजपा की आलोचना की।

भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया। नाराज तृणमूल कांग्रेस ने विभिन्न केंद्रीय जांच एजंसी को 'भाजपा की कठपुतलियां' करार दिया और कहा कि यह शर्म की बात है कि केंद्र में भाजपा की सरकार ने देश की 'पवित्र संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है।' उसने कहा कि ये एजंसी बदले की राजनीति के भाजपा के एजंडे के तहत सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। अभिषेक बनर्जी कोयला चोरी घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से साल्ट लेक में सीजीओ काम्प्लेक्स स्थित एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ की गई।

तृणमूल ने ट्वीट किया कि केंद्रीय एजंसी भाजपा की कठपुतली बनकर रह गई हैं। भाजपा को जब भी खतरा महसूस होता है, वह इन 'तोतों' को उन लोगों के पीछे छोड़ देती है, जिन्होंने अपनी वफादारी का सौदा नहीं किया है। तृणमूल ने ट्विटर पर भाजपा नेताओं के उस समय के कुछ वीडियो साझा किए, जब भाजपा केंद्र में विपक्ष में थी। इन वीडियो में भाजपा तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर हमला करती और केंद्रीय एजंसी के राजनीतिकरण की निंदा करती नजर आ रही है। तृणमूल ने कहा कि भाजपा, उन्हीं पापों की अब स्वयं दोषी है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया कि भाजपा ने स्वीकार कर लिया है कि वह अभिषेक बनर्जी को 'बड़ा खतरा' मानती है और वह उन्हें निशाना बना रही है।

चिटफंड मामले में सीबीआइ ने नगर निकाय अध्यक्ष को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने सनमर्ग वेलफेयर आर्गनाइजेशन से जुड़े चिट फंड घोटाले के मामले में पुलिस ने कोलकाता के पास स्थित हालीशहर नगर निगम के अध्यक्ष राजू साहनी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सीबीआइ ने तलाशी के दौरान 80 लाख रुपए नकद और देसी तमंचा बरामद किया। सीबीआइ ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 30 अक्तूबर 2018 को मामला दर्ज किया था।

'बंद होनी चाहिए मवेशियों की तस्करी'

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

पश्चिम बंगाल में मवेशी तस्करी मामले को लेकर बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अनुब्रत मंडल की गिरफ्तारी के बाद तृणमूल में लगातार विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। सांसद जवाहर सरकार के बाद अब पार्टी के एक विधायक ने कहा है कि मवेशियों की तस्करी हर हाल में बंद होनी चाहिए।

पूर्व बर्दवान के केतुग्राम से विधायक शेख शहनवाज का एक वीडियो वायरल हुआ है, जो गुरुवार रात का बताया जा रहा है। साथ ही इसमें शाहनवाज कहते हुए नजर आ रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में मवेशियों की तस्करी लंबे समय से होती आ रही है। इसके प्रमाण जब सामने हैं तो इसे निश्चित तौर पर बंद करना चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि कोई भी गैरकानूनी काम बंद होने ही चाहिए।

खास बात यह है कि के के तुग्राम विधानसभा का प्रभार अनुब्रत मंडल के जिम्मे रहा है, जो फिलहाल मवेशी तस्करी मामले में जेल में हैं। साथ ही ऐसे में तृणमूल विधायक का यह बयान अपने आप में सुर्खियों में है। साथ ही इसके पहले जब सांसद जौहर सरकार ने इसी तरह से बयान दिया था तो पार्टी के वरिष्ठ सांसद सौगत राय उनके खिलाफ हमलावर हो गए थे और पार्टी में उनके खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई की मांग की थी।

एकल पीठ का सीबीआइ जांच आदेश बरकरार

कोलकाता, 2 सितंबर (भाषा)।

कलकत्ता हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने प्राथमिक विद्यालय शिक्षक भर्ती मामले में सीबीआइ (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच कराने के एकल पीठ के आदेश को शुक्रवार को बरकरार रखा।

प्राथमिक विद्यालय शिक्षक भर्ती मामला

न्यायमूर्ति सुब्रत तालुकदार और न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी की खंडपीठ ने एकल पीठ को जांच की निगरानी करने का निर्देश भी दिया। इसके साथ ही न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक भर्ती मामले में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ द्वारा जांच कराने के आदेश को बरकरार रखते हुए खंडपीठ ने कहा कि मामले में धन के लेन-देन की जांच जरूरत पड़ने पर की जाएगी।

इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि 'पश्चिम बंगाल प्राइमरी स्कूल बोर्ड' से चुनिंदा रूप से एक अतिरिक्त अंक का लाभ पाने वाले 269 लोगों को उनकी नौकरी से हटाने का एकल पीठ का आदेश, एकल पीठ के समक्ष मामले के निपटारे तक बरकरार रहेगा।

एसएफआइ ने शिक्षक भर्ती में धांधली के खिलाफ रैलियां निकालीं

कोलकाता, 2 सितंबर (भाषा)।

वामपंथी छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआइ) के सदस्यों ने बंगाल में शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं के विरोध में शुक्रवार को शहर में रैलियां निकालीं और मांग की कि भ्रष्ट आचरण से 'शिक्षा प्रणाली' को बचाया जाए।

एसएफआइ द्वारा दिन के दौरान चार रैलियों का आयोजन किया गया –जो श्यामबाजार, सियालदह, हिंद सिनेमा और हावड़ा स्टेशन से शुरू हुईं और कालेज स्क्वायर पर एकत्रित हुईं। रैली में भाग लेने वालों के हाथ में पोस्टर थे और वे संविधान, देश और शिक्षा प्रणाली की रक्षा करने की मांग कर रहे थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय के सामने कालेज स्क्वायर पर एक सभा को संबोधित करते हुए वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने दावा किया कि उनकी पार्टी नीत सरकार के दौरान शिक्षकों सहित सरकारी नियुक्तियों में कोई धांधली नहीं हुई थी।

बोस ने कहा कि वाम मोर्चे के शासन के दौरान कभी भी चिट पर लिखी गई सिफारिशों पर नौकरी नहीं दी गई।

बोस ने कहा कि वाम मोर्चे के शासन के दौरान कभी भी चिट पर लिखी गई सिफारिशों पर नौकरी नहीं दी गई। पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की कथित करीबी अर्पिता मुखर्जी के स्वामित्व वाले कई फ्लैट से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगभग 50 करोड़ रुपए नकद जब्त करने का जिक्र करते हुए माकपा नेता ने दावा किया कि उन्होंने अपने 83 वर्षों के जीवन काल में इतनी नकदी कभी नहीं देखी।

समयसीमा समाप्त होने के बाद भी पूरा नहीं हुआ आधार अपलोड करने का काम

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

अंगनवाड़ी उपभोक्ताओं का आधार नंबर केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड करने का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। जबकि केंद्र सरकार की ओर से निर्देश दिया गया था कि यह काम 31 अगस्त तक पूरा होना चाहिए।

राज्य के किसी भी जिले में 100 फीसद अपलोड करने का काम पूरा नहीं हुआ है। मालूम हो कि केंद्र के निर्देश के मुताबिक, आधार नंबर अपलोड रहने वाले उपभोक्ताओं को ही रकम प्रदान कीजायेगी। हालांकि इस बारे में समय सीमा में कई बार वृद्धि की गई है।राज्य सरकार के एक अधिकारी के मुताबिक, 11 जिलों में 90 फीसद से ज्यादा अपलोड का काम पूरा हो चुका है। इसमें बर्दमान, कूचबिहार, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी जिले शामिल हैं। जबकि दक्षिण 24 परगना, पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा जैसे जिलों में करीब 90 फीसद अपलोड का काम पूरा हुआ है। कोलकाता में अभी तक 83 फीसद काम पूरा हुआ है। हुगली जिले में भी यही स्थिति है।

औसतन राज्य में 89 फीसद अपलोड का काम पूरा हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि 10 फीसद काम पूरा नहीं होने की वजह यह है कि लोगों के आधार में कई तरह की गड़बड़ी है। जिसकी जांच का काम चल रहा है। समस्या का हल होने के बाद ही यह काम पूरा हो जाएगा । एक अधिकारी ने बताया कि 10 फीसद काम पूरा नहीं होने की वजह यह है कि लोगों के आधार में कई तरह की गड़बड़ी है।

सियालदह मेन शाखा में बंद रहेंगी कई ट्रेनें

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

शनिवार की रात से लेकर रविवार तड़के तक सियालदह मेन शाखा में कई ट्रेनें बंद रहेंगी। रेलवे की ओर से यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि रेलवे लाइन की मरम्मत के लिए रात 10 बजे से लेकर तड़के छह बजे तक यह ट्रेनें रद्द की गई हैं।

रेलवे के मुताबिक, मरम्मत के दौरान एक जोड़ी सियालदह-कल्याणी सीमांत लोकल ट्रेन, एक जोड़ी सियालदह नैहट्टी लोकल को रद्द कियागया है। इसके साथ ही बैरकपुर-नैहट्टी सेक्शन में दो जोड़ी ट्रेनें रद्द की गई हैं। इसके अलावा नैहट्टी कल्याणी सीमांत लोकल के समय में फेरबदल किया गया है। 4.10 बजाए यह ट्रेन 5.12 बजे चलेगी।

राज्य में बन रहे भारी बारिश के आसार

कोलकाता, 2 सितंबर (जनसत्ता)।

राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने यहां के कई इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया है कि राज्य में कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हो सकती हैं और बाढ़ के हालात भी बनेंगे। मौसम विभाग सूत्रों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मानसून की वजह से दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। इसकी वजह से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भी असर पड़ेगा। मानसून की वजह से जलपाईगुड़ी और कलिम्पोंग में तेज बारिश होगी और ये स्थिति तीन से पांच दिन तक रहेगी ।

दार्जिलिंग और कलिम्पोंग के पहाड़ी इलाकों में जगह-जगह भूस्खलन जबकि मैदानी इलाके जलमग्न हो सकते हैं। ऐसे में शहर के हालात संभालने के लिए प्रशासन को भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि सितंबर महीने में कई राज्यों में सामान्य या उससे अधिक बारिश होगी। मानसून असम सहित पूर्वोत्तर के कई राज्यों को अगले पांच दिनों तक तर करता रहेगा।

भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
शिपिंग हाउस, २४५ मदाम कामा रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई – ४०००२१.
वेबसाइट: www.shipindia.com; Twitter: @shippingcorp; सीआईएन: L63030MH1950GOI008033
टेली.: ९१-२२ २२०२६६६६, २२७७ २०००; फैक्स: ९१-२२ २२०२६९०५
Navratna Company (ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 & ISO 45001:2018 Certified)

एजीएम और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना

इस सूचना के द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की ७२वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, २८ सितंबर, २०२२ को १२:०० बजे (भारतीय मानक समय) पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी:

१	०२.०९.२०२२ को ७२वीं एजीएम की वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियों के प्रेषण की तिथि (सूचना सहित, वित्तीय वर्ष २०२१-२०२२ के लिए निदेशकों की रिपोर्ट संलग्नक के साथ)। वार्षिक रिपोर्ट www.shipindia.com, www.bseindia.com, www.nseindia.com और www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
२	कंपनी की ७२वीं एजीएम और घोषित लाभांश, यदि कोई हो, के उद्देश्य से सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक **२४.०९.२०२२ से २८.०९.२०२२ (दोनों दिन शामिल)** तक बंद रहेंगे। लाभांश की रिकॉर्ड तिथि **२३.०९.२०२२** है।
३	रिमोट ई-वोटिंग अवधि – **२५.०९.२०२२ पूर्वाह्न ९:०० बजे (भारतीय मानक समय) से २७.०९.२०२२ शाम ५:०० बजे (भारतीय मानक समय)।**
४	रिमोट ई-वोटिंग के लिए पात्रता के प्रयोजन के लिए कट-ऑफ-डेट **शुक्रवार, २३.०९.२०२२** है।
५	कंपनी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के माध्यम से एजीएम के सूचना में निर्धारित प्रस्तावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालने के लिए अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से वर्जित नहीं हैं, वे इस दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे। सदस्यों को एनएसडीएल ई-वोटिंग व्यवस्था वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सदस्य इसे https://www.evoting.nsdl.com पर शेयरधारकों/ सदस्यों के लॉगिन के तहत रिमोट ई-वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करके एक्सेस कर सकते हैं। वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक शेयरधारक/सदस्यों के लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां कंपनी का EVEN यानी १२१६६६ प्रदर्शित होगा। एजीएम से पहले या उसके दौरान ई-वोटिंग/सहायता के संबंध में किसी भी प्रश्न या मुद्दों के मामले में, आप एजीएम की सूचना देख सकते हैं या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक से १८००१०२०९९० एवं १८००२२४४३० पर संपर्क कर सकते हैं या evoting@nsdl.co.in पर ईमेल कर सकते हैं।
६	एजीएम की ई-सूचना के प्रेषण के बाद शेयर प्राप्त करने वाला और २३.०९.२०२२ को शेयर रखने वाला कोई भी व्यक्ति, 'Financials → Financial Results → Annual Reports' खंड के तहत ७२वीं वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी के लिए एससीआई की वेबसाइट www.shipindia.com पर जा सकता है।
७	ई-वोटिंग के तरीके, ईमेल आईडी / बैंक खाते को अपडेट करने, वीसी के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, लाभांश पर टीडीएस की प्रयोज्यता के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए आप 'Investors → Information for Shareholders → Notices' के तहत www.shipindia.com पर जा सकते हैं।

हस्ता/-
निदेश मंडल के आदेश से
कृते भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड
श्रीमती स्वप्निता विकास यादव
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक : ०२.०९.२०२२

कार्गो मंजिल तक पहुँचाए. जीवन को राह दिखाए.

SHYAM METALICS AND ENERGY LIMITED
CIN: L40101WB2002PLC095491
Regd. Office: Trinity Tower, 7th floor, 83, Topsia Road, Kolkata-700046
Phone: 033-4016 4080, Fax: 033-4016 4025
Email: compliance@shyamgroup.com, Website: www.shyammetalics.com

दो फुटबाल मैदानों के आकार के बराबर एक फ्लाइट डेक, 18 मंजिल की ऊंचाई, एक दिन में 16,000 चपाती बना सकने वाले रसोई के उपकरण, समुद्र में हर पल नजर रखने वाली प्रणाली, 2,500 किलोमीटर लंबी केबल जैसी विशेषताएं भारत के स्वदेश निर्मित पहले विमानवाहक पोत 'आइएनएस' विक्रांत को खास बनाती हैं।

तैरता नगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोच्चि में 'आइएनएस विक्रांत' का जलावतरण किया और इसे 'तैरता नगर' तथा 'तैरती हवाई पट्टी' करार दिया जो 5,000 घरों को रोशन करने समान विद्युत का उत्पादन करने में सक्षम है। इस 45,000 टन वजनी युद्धपोत को आज जब भारतीय नौसेना में शामिल किया गया तो इसके फ्लाइट डेक पर एक उन्नत हल्का हेलिकाप्टर (एएलएच), एक कामोव-31 और एक मिग-29के खड़ा था। यदि किसी को जहाज के मार्ग और लाबी से गुजरना हो तो उसे लगभग 12 किमी चलना पड़ेगा।

युद्धपोत के नियंत्रण कक्ष में नौसेना का अधिकारी।

क्षमता

2,500 किमी से अधिक की केबल
एक दिन में 16,000 चपातियां और 6,000 इडली बनाने में सक्षम स्वचालित प्रणाली।
सीटी स्कैन मशीन के साथ पूरी तरह कार्यात्मक अस्पताल, देश में युद्धपोत में पहला।
दो आपरेशन थिएटर, चालक दल के 1,600 सदस्य, 2,200 से अधिक कक्ष
18 मंजिल ऊंचाई।

उपकरण

आरएएन-40एल 3डी हवाई निगरानी रडार
एमएफ-स्टार (नौसेना रडार प्रणाली)
टीएसीएन (सामरिक हवाई नौवहन प्रणाली)
रेजिस्टर-ई एविएशन काम्प्लेक्स शक्ति ईडब्लू सूट (पोत विध्वंसक मिसाइलों के खिलाफ रक्षा की एक इलेक्ट्रानिक परत)
डाइवर निगरानी प्रणाली
ईएलके-7036 वीयूएचएफ कोमिंट

लंबाई : 262.5 मीटर
चौड़ाई : 62.5 मीटर
विस्थापन : 42,800 टन
गति : 28 समुद्री मील
विद्युत उत्पादन क्षमता: 24 मेगावाट
7,500 समुद्री मील की क्रूजिंग रेंज
700 से अधिक सीढ़ियां

आइएनएस विक्रांत पूर्व सरकारों के सामूहिक प्रयासों का नतीजा : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

कांग्रेस ने शुक्रवार को भारत के पहले स्वदेश निर्मित पोत 'आइएनएस विक्रांत' को राष्ट्र को समर्पित करने का श्रेय लेने के लिए केंद्र सरकार के दावे पर सवाल उठाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों के योगदान को उचित स्थान नहीं देकर पाखंड किया है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय नौसेना, उसके डिजाइन ब्यूरो और कोच्चि शिपयार्ड को बधाई दी और 'आइएनएस विक्रांत' को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने को देश की समुद्री सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह ऐसी उपलब्धि है जिससे देश की मजबूती को बल मिलेगा। एक वीडियो साझा करते हुए रमेश ने यह भी कहा कि तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने 12 अगस्त 2013 को भारत के पहले स्वदेशनिर्मित विमान वाहक पोत आइएनएस विक्रांत को 'लांच' किया था। प्रधानमंत्री ने इसे आज बेड़े में शामिल किया है। आत्मनिर्भर भारत 2014 से पहले भी था। इससे जुड़े पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान की भी सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमान वाहक पोत आइएनएस विक्रांत को राष्ट्र को समर्पित किया जाना 1999 के बाद की सभी सरकारों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता कृष्णा मेनन ने ब्रिटेन से इसे हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

रमेश ने कहा कि आइएनएस विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना भारतीय नौसेना के इंजीनियरों, अधिकारियों और कोच्चि शिपयार्ड के कर्मचारियों को समर्पित है।

देश में कोरोना संक्रमण के 6,168 मामले आए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

देश में एक दिन में कोरोना विषाणु संक्रमण के 6,168 मामले आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 4,44,42,507 हो गई। वहीं, संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या घटकर 59,210 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.13 फीसद है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण से 21 और मरीजों की मौत होने के बाद मृतक संख्या 5,27,932 पर पहुंच गई है। इन 21 मौतों में वे दो लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में डाले हैं। चौबीस घंटे में इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 3,538 की कमी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.68 फीसद हो गई है।

नीतीश कुमार ने खुद को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बाहर बताया

पटना, 2 सितंबर (भाषा)।

भाजपा के साथ पिछले महीने गठबंधन टूटने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'राष्ट्रीय राजनीति' में आने की चर्चा तेज हो गई है, लेकिन उन्होंने एक बार फिर कहा कि वह प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नहीं हैं।जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मुख्यालय पर पत्रकारों के केंद्र की राजनीति में भूमिका निभाने संबंधी सवालों के जवाब में नीतीश का जवाब था, 'छोड़िए ये सब बात।' वहीं, पार्टी के मुख्यालय पर लगे बड़े-बड़े पोस्टरों में से कुछ पर लिखा है 'प्रदेश में दिखा, देश में दिखेगा।' इन नारों से विभिन्न अर्थ निकाले जा सकते हैं।

वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार ने 'भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए ध्रुवीकरण' के तंज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर शुक्रवार को निशाना साधा। उन्होंने यह भी याद दिलाने का प्रयास किया कि वह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के शासनकाल के दौरान केंद्र में थे। राज्य के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक से महज कुछ ही घंटे पहले पार्टी मुख्यालय पहुंचे नीतीश ने कहा कि वह शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और उसके एक दिन बाद होने वाली राष्ट्रीय परिषद की तैयारियां देखने आए हैं।

पोस्टर कर रहे अलग कहानी बयां

पटना, 2 सितंबर (भाषा)।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार भले ही अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को लेकर स्पष्ट तौर पर कुछ भी नहीं कह रहे हों, लेकिन यहां पार्टी मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर कुछ अलग ही कहानी बयां करते हैं। इनमें से कुछ में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा गया है, तो कुछ में उन्हें (कुमार को) एक ऐसा व्यक्ति बताया गया है, जो 2024 में बदलाव का सूत्रपात करेगा। एक पोस्टर में कहा गया है कि बिहार के मुख्यमंत्री ' जुमला नहीं, हकीकत' हैं , जबकि एक अन्य में 'मन की नहीं, काम की' बात कही गई है। इस तरह इन पोस्टर में कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरूद्ध पेश किया गया है।

प्रधानमंत्री देश की सेवा में जुटे हैं तो परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार बचाने में : नड्डा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि एक ओर देश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए एक योद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सेवा में जुटे हुए हैं तो दूसरी ओर परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को, अपने बेटे-बेटी, भतीजे और दामाद को बचाने में जी-जान से लगी हुई हैं। नड्डा दो दिन के हरियाणा के दौर पर हैं और शुक्रवार को कैथल में अमृतकाल संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बदल रहा है और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके मार्गदर्शन में डबल इंजन वाली मनोहर लाल खट्टर सरकार हरियाणा के जन-जन के कल्याण के लिए कटिबद्ध भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न तो वैचारिक पार्टी है, न राष्ट्रीय और न ही प्रादेशिक।

भारत की बंदरगाह क्षमता आठ साल में दोगुनी हुई : प्रधानमंत्री

मंगलुरू (कर्नाटक), 2 सितंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास विकसित भारत के निर्माण का मार्ग है और यही लोगों की आकांक्षा है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने चुनावी राज्य कर्नाटक में लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करने के लिए भाजपा सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, 'आज का भारत, आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दे रहा है क्योंकि यही विकसित भारत के निर्माण का मार्ग है। आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण सुविधा बढ़ाने के साथ ही बड़े पैमाने पर नए रोजगार का भी निर्माण करता है।

ट्विटर ने जानबूझ कर देश के कानून की अवज्ञा की : केंद्र

बंगलुरु, 2 सितंबर (एजंसी)।

केंद्र सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से कहा है कि ट्विटर ने 'जानबूझकर' भारत के कानूनों का पालन नहीं किया और उसकी अवज्ञा की तथा देश की सुरक्षा में इस सोशल मीडिया मंच की कोई भूमिका नहीं है।

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाई) ने गुरुवार को ट्वीट हटाने और अकाउंट ब्लाक करने से जुड़े सरकारी आदेशों के खिलाफ ट्विटर की ओर से दायर याचिका का विरोध करते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्तियों के संबंध में पेश 101 पन्नों के बयान में यह दलील दी। राजनीतिक ट्वीट हटाने के निर्देश से संबंधित ट्विटर के दावों पर केंद्र ने कहा कि उसने सिर्फ असत्यापित खातों को ब्लाक करने के लिए कहा था। याचिका को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार ने कहा, 'याचिकाकर्ता ने जानबूझकर कानूनों का अनुपालन नहीं किया और उनकी अवज्ञा की। प्रतिवादी नंबर-2 (केंद्र) की अनुवर्ती कार्रवाई और 27 जून 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद ही याचिकाकर्ता ने अचानक सभी दिशा-निर्देशों पर अमल शुरू कर दिया, जिसकी वजह वही बेहतर जानता है।'

ट्विटर ने 39 यूआरएल (यूनिफार्म रिसोर्स लोकेटर) को ब्लाक करने के संबंध में दायर आदेश को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख मुकर्रर की गई है। ट्विटर ने अपनी याचिका में दावा किया है कि ट्वीट हटाने और अकाउंट ब्लाक करने से संबंधित सरकारी नोटिस से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित होती है।

कंपनी ने कहा कि उसके सोशल मीडिया मंच पर सामग्री साझा करने वाले लोगों को संबंधित सामग्री हटाने के लिए कहने से पहले कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। हालांकि, सरकार ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि चूंकि ट्विटर एक मध्यस्थ है, इसलिए उपयोगकर्ताओं को सूचित करना माइक्रो-ब्लागिंग वेबसाइट की जिम्मेदारी थी।

केंद्र ने कहा, 'जब सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ा कोई मुद्दा उठता है तो कार्रवाई करने की जिम्मेदारी सरकार पर होती है, न कि किसी मंच पर। लिहाजा, कौन-सी सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों के लिए सही है या नहीं, इसे तय करने की अनुमति मंच को नहीं दी जानी चाहिए।' सरकार ने दलील दी कि आनलाइन मंच द्वारा बनाई गई कोई भी निजी नीति या नियम सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के अधीन आते हैं।

भारत व आस्ट्रेलिया प्रारंभिक शिक्षा, कौशल विकास में दीर्घकालिक सहयोग पर सहमत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

भारत और आस्ट्रेलिया प्रारंभिक शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग पर सहमत हो गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि हमने ज्ञान के क्षेत्र में अपने मजबूत एवं विविधतापूर्व सहयोग एवं दीर्घकालिक द्विपक्षीय सहयोग को और गति प्रदान करने पर सहमति जताई है। दूसरी ओर, प्रधान ने इंडोनेशिया के शिक्षा मंत्री नदीम अनवर मकारिम के साथ भी बैठक की और समग्र सामरिक सहयोग की पूरी क्षमता को हासिल करने के लिए दोनों देशों के बीच अकादमिक एवं कौशल विकास भागीदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। प्रधान इन दिनों इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी20 समूह के शिक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने गए हैं।

प्रधान ने शुक्रवार को आस्ट्रेलिया की प्रारंभिक शिक्षा मंत्री एनी एली व यूनेस्को की सहायक महानिदेशक स्टेफानिया गियानिनी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने व प्रारंभिक एवं स्कूली शिक्षा में आपसी संपर्कों को गहरा बनाने पर चर्चा की। प्रधान ने आस्ट्रेलिया की प्रारंभिक शिक्षा मंत्री एनी एली के साथ बैठक के बाद कहा कि एली से आरंभिक शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को गहरा बनाने के बारे में सार्थक चर्चा हुई।

प्रधान ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच उच्च शिक्षा, शोध और कौशल विकास के क्षेत्र में विविधतापूर्ण सहयोग है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में संपर्कों को गहरा बनाने से दोनों देशों के बच्चों को सीखने का अवसर प्रदान करने के लिए मजबूत आधार बनाया जा सकेगा। प्रधान ने यूनेस्को की सहायक महानिदेशक स्टेफानिया गियानिनी के साथ भी बैठक की और 2030 के शिक्षा एजंडे पर चर्चा की।

थरूर ने निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग की

पेज 1 का बाकी

रही है और पार्टी के भीतर इस पर बहस तेज हो गई है। सूत्रों ने बताया कि अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे थरूर ने मिस्त्री को पत्र लिखा और निर्वाचन सूची प्रकाशित करने की मांग की। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया में 10 प्रस्तावक शामिल हैं जो प्रदेश कांग्रेस समिति (पीसीसी) के प्रतिनिधि (डेलिगेट) होंगे। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा है कि इन प्रतिनिधियों के बारे में जानना महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर उनका नाम अंतिम सूची में नहीं आता तो नामांकन पत्र खारिज हो सकता है। नेताओं द्वारा लिखे गए पत्रों और निर्वाचन सूची के प्रकाशन की मांग को लेकर उठ रही आवाजों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस ने इसे तवज्जो नहीं दी और कहा कि एक के बाद एक आवाजें उठ रही हैं कि राहुल गांधी को पार्टी का अगला अध्यक्ष होना चाहिए। पार्टी के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा, 'अगर आप देश के कोने-कोने के हर कार्यकर्ता से चाय पीते या खाना खाते समय पूछेंगे, तो वह यही कहेगा, हमारी इच्छा है कि राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालें।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस का चुनावी कार्यक्रम सबके सामने है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव कांग्रेस के संविधान और पूरी व्यवस्था के अनुसार होगा।'मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम और थरूर ने बुधवार को भी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन सूची सार्वजनिक करने की मांग की थी। कांग्रेस के 'जी 23' समूह में शामिल रहे तिवारी के साथ ही थरूर ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से जुड़े निर्वाचक मंडल की सूची सार्वजनिक नहीं किए जाने पर वस्तुतः सवाल खड़े करते हुए बुधवार को कहा था कि चुनाव से संबंधित पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का इरादा जता चुके थरूर ने तिवारी से सहमति जताई और कहा कि हर किसी को यह जानने का हक है कि कौन नामित कर सकता है तथा कौन मतदान कर सकता है।

रेलवे बोर्ड ने विभिन्न भत्तों की समीक्षा के लिए कहा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

परिचालन खर्च बढ़ने से चिंतित रेलवे बोर्ड ने सातों जोन से 'अतिरिक्त समय अवधि', रात्रिकालीन कार्य और यात्रा तथा ईंधन एवं रखरखाव के लिए मिलने वाले भत्तों की समीक्षा करने को कहा है।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके त्रिपाठी ने तिमाही समीक्षा बैठक में पाया कि परिचालन से जुड़े खर्चे काफी अधिक हैं। चालू वित्त वर्ष में मई तक सातों जोन में यह रेलवे के पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 26 प्रतिशत औसत वृद्धि से कहीं ऊपर है। ये जोन हैं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (37.9 प्रतिशत), उत्तर रेलवे (35.3 प्रतिशत), दक्षिण-मध्य रेलवे (34.8 प्रतिशत), दक्षिण-पश्चिम रेलवे (33.1 प्रतिशत), उत्तर-पश्चिम रेलवे (29 प्रतिशत), पश्चिम रेलवे (28 प्रतिशत) और उत्तर-मध्य रेलवे (27.3 प्रतिशत)। एक सवाल के जवाब में रेलवे ने कहा कि परिचालन खर्च को लेकर 2022-23 के लिए कुल बजटीय अनुमान 2.32 लाख करोड़ रुपए है। चूंकि खातों का आडिट होना बाकी है, संबंधित आंकड़े अस्थायी हैं। विभाग ने कहा कि रेलवे ने वित्त मंत्रालय के व्यय नियंत्रण और प्रबंधन पर दिए गए दिशानिर्देश को जारी किया है। विभिन्न मोर्चों पर मितव्ययिता और किफायती उपायों को लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, ईंधन की खपत को अनुकूलतम बनाने के साथ माल भंडार प्रबंधन में सुधार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड ने जोन को अपने खर्च को कम करने के लिए 'तत्काल कदम' उठाने का निर्देश दिया और महाप्रबंधकों को इस संदर्भ में कार्ययोजना बनाने को कहा।

सीने से उतर गया गुलामी का बोझ

पेज 1 का बाकी

था कि नया 'निशान' समृद्ध भारतीय समुद्री विरासत के अनुरूप होगा। विक्रांत के नौसेना के बेड़े में शामिल होने के साथ ही भारत अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन और फ्रांस जैसे देशों के एक चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है, जिसमें स्वदेशी रूप से एक विमानवाहक पोत का निर्माण करने की विशिष्ट क्षमता है। कुल 262 मीटर लंबा तथा 62 मीटर चौड़ा यह जहाज 28 समुद्री मील से लेकर 7500 समुद्री मील की दूरी तय कर सकता है। बीस हजार करोड़ रुपए की लागत से बना यह विमान वाहक जहाज अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह देश में बने 'एडवांस्ड लाइट हेलिकाप्टर' (एएलएच) के अलावा मिग-29के लड़ाकू विमान सहित 30 विमान संचालित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, 'यदि लक्ष्य दुरंत हैं, यात्राएं दिगंत हैं, समंदर और चुनौतियां अनंत हैं तो भारत का उत्तर है विक्रांत। आजादी के अमृत महोत्सव का अतुलनीय अमृत है विक्रांत। आत्मनिर्भर होते भारत का अद्वितीय प्रतिबिंब है विक्रांत।'महिला शक्ति पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ' विक्रांत जब हमारे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा के लिए उतरेगा, तो उस पर नौसेना की अनेक महिला सैनिक भी तैनात रहेंगी। समंदर की अथाह शक्ति के साथ असीम महिला शक्ति, ये नए भारत की बुलंद पहचान बन रही है।'नौसेना का बजट बढ़ाने पर मोदी ने कहा, 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र और हिंद महासागर में सुरक्षा चिंताओं को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है, लेकिन आज ये क्षेत्र हमारे लिए देश की बड़ी रक्षा प्राथमिकता हैं। इसलिए हम नौसेना के लिए बजट बढ़ाने से लेकर उसकी क्षमता बढ़ाने तक हर दिशा में काम कर रहे हैं।'

छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को ट्रेन से फेंका, मौत

पेज 1 का बाकी

ने कहा, 'प्रारंभिक जांच के दौरान यह पता चला है कि घटना में एक आरोपी शामिल था। हम उसकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'उन्होंने कहा कि जब ट्रेन टोहाना पहुंची, तो बिलख रहे बच्चे ने अपने पिता को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। उन्होंने बताया कि महिला का शव बाद में टोहाना से कुछ दूरी पर पटरियों के पास मिला। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 302 (हत्या) और 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से हमला) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

भारतीय नौसेना को मिला नया ध्वज

पेज 1 का बाकी

परिचालन क्षमता का प्रतीक है।भारतीय नौसेना का मूल औपनिवेशिक काल में जाता है, और एक स्वतंत्र भारत के नौसैन्य बल के रूप में अपनी पहचान धारण से पहले इसके नामकरण में पिछली कुछ शताब्दियों में कई बदलाव हुए हैं।नेवल डाकयार्ड मुंबई (एनडीएम) में विरासत दीर्घा में एक पैनल पर प्रदर्शित जानकारी के अनुसार, भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1612 में सूरत में अपनी गतिविधियों की शुरुआत की और उसके जहाजों को माननीय ईस्ट इंडिया कंपनी के मरीन के रूप में जाना जाता है। इसने कैंटन में सेंट जार्ज क्रास के साथ धारीदार ध्वज अपनाया।

सूरत से बंबई में गतिविधियों के स्थानांतरण के साथ, बांबे मरीन का गठन 1686 में किया गया था।वर्ष 1707 में, ब्रिटिश संघ के ध्वज से कैंटन में सेंट जार्ज क्रॉस को बदल दिया, और 1801 में ब्रिटिश ध्वज को विकर्ण के साथ लाल धारियों को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था। साल 1830 में, बांबे मरीन का नाम बदलकर 'हर मेजेस्टीज इंडियन नेवी' कर दिया गया।नौसेना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 1863 से 1877 तक इसका नाम 'बांबे मरीन' रहा और इसके बाद इसका नाम 'हर मेजेस्टीज इंडियन मरीन' कर दिया गया। 1892 में नाम 'रायल इंडियन मरीन' कर दिया गया। 1934 में 'रायल इंडियन मरीन' को 'रायल इंडियन नेवी' नाम दिया गया और इसकी सेवाओं को मान्यता देते हुए इसे 1935 में 'किंग्स कलर' प्रस्तुत किया गया था।वर्ष 1947 में भारत के विभाजन के साथ, स्वतंत्रता के बाद, रायल इंडियन नेवी को रायल इंडियन नेवी और रायल पाकिस्तान नेवी में विभाजित कर दिया गया। 26 जनवरी, 1950 को भारत के गणतंत्र बनने के साथ, उपसर्ग रायल को हटा दिया गया और इसे भारतीय नौसेना (इंडियन नेवी) के रूप में नया नाम दिया गया।छब्बीस जनवरी 1950 से 2001 तक, भारतीय नौसेना ने ब्रिटिश नौसैन्य ध्वज के एक संशोधित संस्करण का उपयोग किया, और कैंटन में यूनियन जैक को भारतीय तिरंगे से बदल दिया गया।

15 अगस्त, 2001 से, इस ध्वज को भारतीय नौसेना के क्रेस्ट वाले एक सफेद ध्वज के साथ बदल दिया गया, क्योंकि पिछला ध्वज भारत के औपनिवेशिक अतीत को प्रतिबिंबित करता था और यह 2004 तक बना रहा।वर्ष 2004 के बाद से, क्रास के केंद्र में भारत के राष्ट्रीय प्रतीक को जोड़ने के साथ ही ध्वज को सेंट जार्ज क्रास डिजाइन में वापस बदल दिया गया और 2014 में प्रतीक के नीचे देवनागरी लिपि में राष्ट्रीय आदर्श वाक्य - सत्यमेव जयते - को नीचे जोड़ा गया।

तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत

पेज 1 का बाकी

ने सालिसिटर जनरल तुषार मेहता की तीस्ता के खिलाफ दी गई तमाम दलीलों को दरकिनार करते हुए यह कदम उठाया। पीठ ने उन्हें हाईकोर्ट द्वारा मामले पर विचार किए जाने तक अपना पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा है।न्यायाधीशों ने कहा-तीस्ता एक महिला हैं। वह दो महीनों से हिरासत में हैं और जांच तंत्र को सात दिनों की अवधि के लिए हिरासत में पूछताछ का लाभ भी मिला है। तीस्ता के खिलाफ कथित अपराध 2002 से संबंधित हैं और अधिक से अधिक 2012 तक संबंधित दस्तावेज पेश करने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा-हमारे विचार में अपीलकर्ता अंतरिम जमानत पर रिहा होने की हकदार है। यह कहा जाना चाहिए कि जैसा कि सालिसिटर जनरल ने तर्क दिया था कि मामला अभी भी हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है, इसलिए हम इस पर विचार नहीं कर रहे हैं कि अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाए या नहीं। उस पर हाईकोर्ट द्वारा विचार किया जाना है। हम केवल इस दृष्टिकोण से विचार कर रहे हैं कि क्या मामले पर विचार के दौरान अपीलकर्ता की हिरासत पर जोर दिया जाना चाहिए।तुषार मेहता ने तीस्ता को अंतरिम जमानत न देने और मामले को गुजरात हाईकोर्ट के विचार के लिए छोड़ देने पर लगातार जोर दिया तो अदालत का सवाल यह था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अलावा प्राथमिकी में और कुछ नहीं है। दोनों दिखाते हैं कि यह सच नहीं है। मजिस्ट्रेट के सामने गवाह के बयान रखने पर गुजरात सरकार पर भी पीठ ने सवाल उठाया और कहा कि ये बयान सीलकवर में होते हैं। ये मजिस्ट्रेट के पास होने चाहिए। आपको ये बयान कैसे मिले। ये मजिस्ट्रेट कोर्ट की कस्टडी में होने चाहिए। ये कोर्ट से कोर्ट आने चाहिए।तीस्ता सीतलवाड की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि 124 लोगों को उम्रकैद हुई है। ये कैसे कह सकते हैं कि गुजरात में कुछ नहीं हुआ। ये सब एक उद्देश्य के लिए है। ये चाहते हैं कि तीस्ता ताउम्र जेल से बाहर न आए। 20 साल से सरकार क्या करती रही। ये हलफनामे 2002-2003 के हैं, तो ये जालसाजी कैसे हो गए? ये हलफनामे इस मामले में दाखिल नहीं किए गए। ये पहले के मामलों में दाखिल किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता को जमानत देते हुए कहा कि तीस्ता को जल्द से जल्द संबंधित ट्रायल कोर्ट में पेश किया जाए। ट्रायल कोर्ट जमानत की शर्तें तय कर जमानत दे। तीस्ता जांच में सहयोग करेंगी।

बाढ़ का पानी घटा, संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ा

लखनऊ, 2 सितंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बलिया समेत कई जिलों में अब बाढ़ का पानी कम होने लगा है और संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दावा किया है कि राहत और बचाव के लिए पूरी तरह सतर्कता बरती जा रही है।

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार वाराणसी में अब गंगा और वरुणा का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया है और दोनों नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का पानी अब कम होने लगा है। वाराणसी में गंगा के जलस्तर में कमी आने के बाद संबंधित क्षेत्रों से पानी कम होना शुरू हो गया है। वरुणा पार के भी कई रिहायशी इलाकों से पानी निकल गया है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है, परंतु इसके साथ ही बाढ़ के पानी के साथ आए गाद और गंदगी की सफाई और उससे फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से लोगों में भय व्याप्त है। वाराणसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. संदीप चौधरी ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित इलाकों में जगह-जगह कीचड़ और जल जमाव से संक्रामक रोग न फैले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। सीएमओ ने बताया कि संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कार्रवाई तेज कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि जल जमाव वाले स्थानों पर मच्छरजनित बीमारी डेंगू, मलेरिया आदि के फैलने की आशंका अधिक होती है लिहाजा बाढ़ से प्रभावित रहे सभी क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही नगर निगम के सहयोग से फागिंग भी कराई जा रही है।

जिला मलेरिया अधिकारी एस सी पाण्डेय ने बताया कि एंटी लार्वा के छिड़काव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ड्रा से 15 कर्मियों को मांगा है, जो विभिन्न इलाकों में एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहे हैं।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बलिया जिले में गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट के बाद जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों का प्रसार रोकने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है।

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
ENGINEERS INDIA LIMITED (A Govt. of India Undertaking)

पंजीकृत कार्यालय : इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066, भारत
Regd.Office: Engineers India Bhawan, 1, Bhikaji Cama Place, New Delhi - 110066, India
ई-मेल / e-mail: company.secretary@eil.co.in, दूरभाष / Phone: 011-26762855/2580
कंपनी सचिवालय / COMPANY SECRETARIAT

57वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना ई-वोटिंग / रिकार्ड तिथि की जानकारी

कम्पनी की 57वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) **मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को अप. 03.00 बजे (आईएसटी)**, एजीएम आयोजन की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, सर्कुलर नंबर 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, सर्कुलर नंबर 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, सर्कुलर नंबर 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021, सर्कुलर नंबर 19/2021 दिनांकित 08 दिसम्बर, 2021, सर्कुलर नंबर 21/2021 दिनांकित 14 दिसम्बर, 2021 तथा सर्कुलर नंबर 02/2022 दिनांकित 05 मई, 2022 और सेबी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 (सामूहिक रूप से "**संबद्ध सर्कुलर्स**" कहे गए हैं) के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर कम्पनी के सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से, आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

संबद्ध सर्कुलर्स एवं सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना, वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु पृथक्कृत और समेकित वित्तीय विवरण, निदेशकगण की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा उसके साथ संलग्न किए जाने हेतु अपेक्षित अन्य दस्तावेजों के साथ 01 सितम्बर, 2022 को कम्पनी के उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) के पास पंजीकृत है अथवा जो एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट भेजने के प्रयोजनार्थ अपनी ई-मेल आईडी हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट (आरटीए), अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड https://mailupd.alankit.com के पास अस्थायी रूप से पंजीकृत करवा चुके हैं। सूचनाओं की भौतिक प्रतियां वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित डाक द्वारा उन शेयरधारकों को भेजी जा रही हैं, जिनके द्वारा अनुरोध किया गया है। वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति प्राप्त करने के इच्छुक सदस्य अपना अनुरोध कम्पनी/आरटीए को **company.secretary@eil.co.in** अथवा **rta@alankit.com** पर भेज सकते हैं। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट **www.engineersindia.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** क्रमानुसार पर और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) (रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु एजेन्सी) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होंगे। एजीएम की सूचना में संदर्भित दस्तावेज निरीक्षण के लिए कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग हेतु अनुदेश :

कम्पनी इसके सदस्यों को एजीएम में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित प्रस्तावों पर उनके वोट डालने के अधिकार के प्रयोग हेतु इलेक्ट्रॉनिक साधनों ("**ई-वोटिंग**") द्वारा वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यगण यहां नीचे वर्णित तिथियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("**रिमोट ई-वोटिंग**") का प्रयोग करते हुए अपना वोट रिमोटली डाल सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा जिन सदस्यों ने अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकेंगे।

कम्पनी ने ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एजेन्सी के तौर पर एनएसडीएल की सेवाएं अनुबंधित की हैं।

ई-वोटिंग के संबंध में जानकारी और अनुदेश सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए रिमोट ई-वोटिंग के लॉगइन क्रेडेंशियल्स का प्रयोग किया जाना चाहिए। भौतिक रूप, अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनके द्वारा रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की विधि एजीएम की सूचना में दी गई है।

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी :

रिमोट ई-वोटिंग का आरंभनः	**शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी)**
रिमोट ई-वोटिंग का समापनः	**सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी)**

उपरोक्त तिथि और समय के पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी तथा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त अवधि समाप्त होने के तत्काल पश्चात वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

कोई व्यक्ति, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर अथवा सदस्यों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 को दर्ज मौजूद है, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने अथवा एजीएम में भाग लेने और एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का हकदार होगा।

ई-मेल पता पंजीकरण/अद्यतनीकरण की विधि निम्नानुसार है :

- भौतिक रूप में शेयरों के धारक जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता कम्पनी में पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि वे हमारे कम्पनी के आरटीए मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, कार्यालय पता : 205-208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 से सम्पर्क करें अथवा **rta@alankit.com** पर ई-मेल भेजें।
- अभौतिक रूप में शेयरों के धारक जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट पास पंजीकृत/अद्यतन करवा लें, जिनके पास उनका डीमैट खाता है।
- कोई व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है अथवा कोई सदस्य जिसने अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवाई है और कट-ऑफ तिथि को शेयरों का धारक है, वह भी एजीएम की सूचना, जोकि कम्पनी की वेबसाइट तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है, में दिए गए अनुदेशों के अनुरूप पंजीकृत करवा सकता है और एनएसडीएल को **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर लॉगइन क्रेडेंशियल्स प्राप्त कर सकता है। ये सदस्य एजीएम की सूचना में कम्पनी द्वारा विनिर्दिष्ट विधि में ई-वोटिंग अनुदेशों का प्रयोग करते हुए अपना वोट डाल सकते हैं।

रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके सदस्य भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु एजीएम में पुनः वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

सदस्यगण यह भी नोट करें कि कम्पनी ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंतिम लाभांश (₹ 1/- प्रति इक्विटी शेयर), यदि सदस्यों की 57वीं एजीएम में उनके द्वारा अनुमोदित किया गया, की अधिकारिता के अभिनिश्चयन के प्रयोजन हेतु **सोमवार, 5 सितम्बर, 2022** की तिथि रिकार्ड तिथि निर्धारित की गई है।

यदि आपको एजीएम में भाग लेने एवं ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में कोई संदेह अथवा समस्या है, तो आप **www.evoting.nsdl.com** में डाउनलोड सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यूज") तथा ई-वोटिंग मैनुअल देखें अथवा सुश्री सोनी सिंह को **evoting@nsdl.co.in** पर ई-मेल भेजें। सदस्यगण टोल फ्री नंबर 18001020 990 अथवा 1800224430 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। किसी अन्य पूछताछ के लिए, आप हमसे भी नीचे दिए विवरण के अनुसार सम्पर्क कर सकते हैं :

कम्पनी सेक्रेटरी, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066, फोन : 011-2610 0258. ई-मेल : company.secretary@eil.co.in

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
एस. के. पाढ़ी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 02.09.2022

This advertisement is for information purposes only and does not constitute an offer or an invitation or a recommendation to purchase, to hold or sell securities. This is not an announcement or the offer document. All capitalized terms used herein and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the letter of offer dated August 26, 2022 the "Letter of Offer" or ("LOF") filed with the BSE Limited ("BSE") and the Securities and Exchange Board of India ("SEBI").

7NR RETAIL LIMITED

Our Company was originally incorporated on December 21, 2012, as "7NR Retail Private Limited" as a Private Limited Company under the provisions of the Companies Act, 1956 with the Registrar of Companies, Gujarat, Dadra and Nagar Haveli. Thereafter, our Company was converted into a Public Limited Company and accordingly the name of our Company was changed to "7NR Retail Limited" pursuant to a special resolution passed by our Shareholders at the EGM held on March 11, 2017. A fresh certificate of incorporation consequent upon conversion to Public Limited Company was issued on March 22, 2017 by Registrar of Companies, Ahmedabad, Gujarat.

Corporate Identification Number: L52320GJ2012PLC073076 | **Registered Office:** Godown No-1, 234/1+234/2, FP-69/3, Sadashiv Kanto, B/h Bajaj Process, Narol Chokdi, Narol, Ahmedabad – 382 405
Telephone: + 91-97271-23838; Email id: info@7nrretailltd.in | **Website:** www.7nrretailltd.in; | **Contact Person:** Ms. Prachi Chobisa, Company Secretary and Compliance Officer

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. NIKUNJ AGRAWAL AND MR. UMANG TRIVEDI

ISSUE PROGRAMME

ISSUE OPENS ON	LAST DATE FOR MARKET RENUNCIATION*	ISSUE CLOSES ON**
6th September, 2022	15th September, 2022	20th September, 2022

Eligible Equity Shareholders are requested to ensure that renunciation through off-market transfer is completed in such a manner that the Rights Entitlements are credited to the demat account of the Renouncees on or prior to the Issue Closing Date.

***Our Board or a duly authorized committee thereof will have the right to extend the Issue period as it may determine from time to time, provided that this Issue will not remain open in excess of 15 (Fifteen) days from the Issue Opening Date. Further, no withdrawal of Application shall be permitted by any Applicant after the Issue Closing Date.*

ISSUE OF 11,66,95,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RE. 1/- EACH ("EQUITY SHARES") OF 7NR RETAIL LIMITED ("7NR" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 1.40/- PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF RS. 0.40/- PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE"), AGGREGATING UPTO RS. 16,33,73,000/- ON RIGHTS BASIS TO THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 1 (ONE) EQUITY SHARE FOR EVERY 1 (ONE) EQUITY SHARE HELD BY THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, I.E. 23RD AUGUST, 2022(THE "ISSUE"). THE ISSUE PRICE IS 1.40 TIMES OF FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE SEE THE CHAPTER TITLED "TERMS OF THE ISSUE" ON PAGE 145 OF THIS FINAL LETTER OF OFFER.

ASBA	Simple, Safe, Smart way of Application - Make use of it!!! *Application Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For further details read section on ASBA below.

In accordance with Regulation 76 of the SEBI ICDR Regulations, SEBI circular, bearing reference number SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2020/13 dated January 22, 2020, bearing reference number SEBI/HO/CFD/CIR/CFD/DIL/67/2020 dated April 21, 2020, SEBI circular bearing reference number SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2020/78 dated May 6, 2020, and SEBI circular bearing reference number SEBI/HO/CFD/DIL1/CIR/P/2020/136 dated July 24, 2020 (Collectively hereafter referred to as "SEBI Rights Issue Circulars") and SEBI circular SEBI/CFD/DIL/ASBA/1/2009/30/12 dated December 30, 2009, SEBI circular CIR/CFD/DIL/1/2011 dated April 29, 2011 and the SEBI circular, bearing reference number SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2020/13 dated January 22, 2020 (Collectively hereafter referred to as "ASBA Circulars"), all Shareholders desiring to make an Application in this Issue are mandatorily required to use either the ASBA process. Shareholders should carefully read the provisions applicable to such Applications before making their Application through ASBA. For details, see "Making of an Application through the ASBA Process" on page 148 of the Letter of Offer.

Please note that in accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI Rights Issue Circulars, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Equity Shares shall be made in dematerialized form only. Accordingly, Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form as on Record Date and desirous of subscribing to Equity Shares in this Issue are advised to furnish the details of their demat account to the Registrar or our Company at least two working days prior to the Issue Closing Date i.e Friday, September 16, 2022, to enable the credit of their Rights Entitlements in their respective demat accounts at least one day before the Issue Closing Date i.e Monday, September 19, 2022.

Eligible Equity Shareholders, who hold Equity Shares in physical form as on Record Date and who have opened their demat accounts after the Record Date, shall adhere to procedure for participating in this Issue mentioned on page 151 of the Letter of Offer.

Prior to the Issue Opening Date, the Rights Entitlements of those Eligible Equity Shareholders, among others, who hold Equity Shares in physical form, and whose demat account details are not available with our Company or the Registrar, shall be credited in a demat suspense escrow account opened by our Company namely 7NR Retail Limited– Rights Issue Suspense Escrow Demat Account (Account Number –IN301330 41172945)

In accordance with the SEBI Rights Issue Circulars, the Eligible Equity Shareholders, who hold Equity Shares in physical form as on Record Date and who have not furnished the details of their demat account to the Registrar or our Company at least two working days prior to the Issue Closing Date, i.e. Friday, September 16, 2022, shall not be eligible to make an Application for Rights Equity Shares against their Rights Entitlements with respect to the equity shares held in physical form.

PROCEDURE FOR APPLICATION: In accordance with Regulation 76 of the SEBI ICDR Regulations, the SEBI Rights Issue Circulars and the ASBA Circulars, all Shareholders desiring to make an Application in this Issue are mandatorily required to use either the ASBA process. Shareholders should carefully read the provisions applicable to such Applications before making their Application through ASBA. For details of procedure for application by the Resident Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form as on the Record Date i.e. August 23, 2022, see "Procedure for Application by Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form" on page 151 of the Letter of Offer.

PROCEDURE FOR APPLICATION THROUGH THE ASBA PROCESS: A shareholder, wishing to participate in this Issue through the ASBA facility, is required to have an ASBA enabled bank account with an SCSB, prior to making the Application. Shareholders desiring to make an Application in this Issue through ASBA process, may submit the Application Form in physical mode to the Designated Branches of the SCSB or online / electronic Application through the website of the SCSBs (if made available by such SCSB) for authorizing such SCSB to block Application Money payable on the Application in their respective ASBA Accounts.

Shareholders should ensure that they have correctly submitted the Application Form and have provided an authorization to the SCSB, via the electronic mode, for blocking funds in the ASBA Account equivalent to the Application Money mentioned in the Application Form, as the case may be, at the time of submission of the Application.

APPLICATION BY ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS HOLDING EQUITY SHARES IN PHYSICAL FORM: Please note that in accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI Rights Issue Circulars, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Equity Shares shall be made in dematerialized form only. Accordingly, Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form as on Record Date and desirous of subscribing to Equity Shares in this Issue are advised to furnish the details of their demat account to the Registrar or our Company at least two working days prior to the Issue Closing Date i.e Friday, September 16, 2022, to enable the credit of their Rights Entitlements in their respective demat accounts at least one day before the Issue Closing Date i.e Monday, September 19, 2022. They may also communicate with the Registrar with the help of the helpline number (+91-44-40020710/0706/0741) and their email address (priya@cameoindia.com)

ALLOTMENT OF THE RIGHTS EQUITY SHARES IN DEMATERIALIZED FORM: PLEASE NOTE THAT THE EQUITY SHARES APPLIED FOR IN THIS ISSUE CAN BE ALLOTTED ONLY IN DEMATERIALIZED FORM AND TO THE SAME DEPOSITORY ACCOUNT IN WHICH OUR EQUITY SHARES ARE HELD BY SUCH SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE I.E. AUGUST 23, 2022.

DISPATCH OF THE ABRIDGED LETTER OF OFFER ("ALOF") AND APPLICATION FORM: The Dispatch of the ALOF and Application Form for the Issue was completed on September 01, 2022 by the Registrar to the Issue.

CREDIT OF RIGHTS ENTITLEMENTS IN DEMAT ACCOUNTS OF ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS: In accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI Rights Issue Circulars, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Equity Shares shall be made in dematerialized form only. Prior to the Issue Opening Date, our Company shall credit the Rights Entitlements to (i) the demat accounts of the Eligible Equity Shareholders holding the Equity Shares in dematerialised form; and (ii) a demat suspense escrow account (namely, 7NR Retail Limited Rights Issue Suspense Escrow Demat Account) opened by our Company, for the Eligible Equity Shareholders which would comprise Rights Entitlements relating to (a) Equity Shares held in the account of the IEPF authority; or (b) the demat accounts of the Eligible Equity Shareholder which are frozen or the Equity Shares which are lying in the unclaimed suspense account (including those pursuant to Regulation 39 of the SEBI Listing Regulations) or details of which are unavailable with our Company or with the Registrar on the Record Date; or (c) Equity Shares held by Eligible Equity Shareholders holding Equity Shares in physical form as on Record Date where details of demat accounts are not provided by Eligible Equity Shareholders to our Company or Registrar; or (d) credit of the Rights Entitlements returned / reversed / failed; or (e) the ownership of the Equity Shares currently under dispute, including any court proceedings, if any; or (f) non-institutional equity shareholders in the United States.

